प्रेस नोट जनपद बागपत

थाना बिनौली दिनाँक 24.05.2024

थाना बिनौली पुलिस ने थाने के मु0अ0सं0-123/2026 धारा 115(2)/132/352/351(3)/324(4) बीएनएस में वांछित 03 अभियुक्तों को किया गिरफ्तार, जिनके कब्जे से घटना में प्रयुक्त 02 ट्रैक्टर व 01 लोडर/ट्रैक्टर बरामद ।

संक्षिप्त विवरण –

दिनांक 05-05-2026 को थाना बिनौली, जनपद बागपत पर वादी श्री मुकुल कुमार पुत्र श्री जगदीश कुमार निवासी ग्राम व पोस्ट जानी खुर्द थाना जानी जनपद मेरठ (लेखपाल) द्वारा लिखित तहरीर दी गई। तहरीर में आरोप लगाया गया कि अभियुक्त दिनेश उर्फ बिल्लू पुत्र जगपाल निवासी ग्राम किनौनी जनपद मेरठ व 4-5 अज्ञात व्यक्तियों द्वारा जेसीबी, डम्पर व ट्रैक्टर के माध्यम से नवैय्यत नदी भूमि) एवं शासकीय भूमि पर अवैध खनन/खुर्द-बुर्द किया जा रहा था। आरोप है कि वादी द्वारा खनन संबंधी अभिलेख मांगे जाने पर अभियुक्तगण द्वारा वादी के साथ गाली-गलौज व धक्का-मुक्की की गई, सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न की गई तथा वादी व उसके निजी वाहन पर गाड़ी चढ़ाने का प्रयास किया गया, जिससे बचाव के दौरान वादी के पैर में चोट/मोच आ गई। साथ ही अभियुक्तगण द्वारा बाद में देख लेने की धमकी दी गई। इस सम्बन्ध में प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना बिनौली पर मु0अ0सं0 - 123/26 धारा 115(2)/132/352/351(3)/324(4) BNS पंजीकृत किया गया ।

कार्यवाही-

बागपत पुलिस द्वारा जनपद में अपराधों की रोकथाम एवं वांछित अपराधियों के विरुद्व चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना बिनौली पुलिस द्वारा थाने के मु0अ0सं0-123/2026 धारा 115(2)/132/352/351(3)/324(4) बीएनएस में वांछित 03 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है, जिनके कब्जे से घटना में प्रयुक्त 02 ट्रैक्टर व 01 लोडर/टैक्टर बरामद हुए है ।

उपरोक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना बिनौली पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम व पता-

1.दिनेश उर्फ बिल्लू पुत्र जगपाल सिंह निवासी ग्राम किनौनी थाना रोहटा जनपद मेरठ।
2. संगम पुत्र रतनपाल सिंह निवासी ग्राम किनौनी थाना रोहटा जनपद मेरठ।
3.अमित पुत्र रतनपाल सिंह निवासी ग्राम किनौनी थाना रोहटा जनपद मेरठ।

बरामदगी का विवरण-

- एक ट्रैक्टर फार्मटैक स्कोट कम्पनी
- एक लोडर/टैक्टर महेन्द्रा कम्पनी
- एक ट्रैक्टर सोनालिका 35 DI

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1- प्र0नि0 श्री राकेश कुमार शर्मा थाना बिनौली बागपत
2-उ0नि0 श्री पुलकित सिंह राहल थाना बिनौली बागपत।
3-उ0नि0 श्री अश्वनी कुमार थाना बिनौली बागपत।
4-है0का0 714 रविन्द्र कुमार थाना बिनौली बागपत।
5-है0का0 841 गुरदीप सिंह थाना बिनौली बागपत।